**खबर संक्षेप**

### घरेलू वातावरण में वैकल्पिक देखरेख की व्यवस्था है फोस्टर केयर

**मण्डला।** जिला बाल संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने बताया कि फोस्टर केयर एक ऐसी व्यवस्था है, जिसमें परिवार के घरेलू वातावरण में वैकल्पिक देखरेख के लिए बच्चे को आमतौर पर अल्प अवधि या विस्तृत अवधि के लिए देखरेख और संरक्षण के उद्देश्य से असंबंधित परिवार के सदस्यों के साथ रखा जाता है। फोस्टर केयर के लिए पात्र बच्चों में बाल देखरेख संस्थाओं में रहने वाले या समुदाय में रहने वाले (6 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के) देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता वाले सभी बच्चे, बिना मुलाकात वाले बच्चे और अयोग्य अभिभावक वाले बच्चे शामिल होते हैं। इसके अलावा वे सभी बच्चे जिन्हें या तो देश में दत्तक ग्रहण या अंतर-देशीय दत्तक ग्रहण में परिवार नहीं मिलता है और उन्हें दत्तक ग्रहण के नियमों के अनुसार कठिन या विशेष जरूरतों वाले बच्चों की श्रेणी में रखा गया है। भावी पालक माता-पिता शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आर्थिक रूप से सक्षम हो। उनके जीवन को जानलेवा बिमारी या चिकित्सकीय स्थिति नहीं होनी चाहिए और उन्हें किसी भी प्रकृति के आपराधिक कृत्य में दोषी नहीं ठहराया गया हो या बाल अधिकारों के उल्लंघन के किसी भी मामले में कथित रूप से शामिल या आरोपी न हो। फोस्टर केयर से संबंधित अधिक जानकारी के लिए कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग, प्रथम तल, जिला पंचायत परिसर मण्डला अथवा कार्यालय बाल कल्याण समिति, द्वितीय तल, रेडक्रॉस सोसायटी भवन मण्डला के फोन नंबर 07642-253056 से प्राप्त की जा सकती है।

### कोदो-कुटकी उत्पादक किसान 24 तक कराएं पंजीयन

**मण्डला।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा अन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत कोदो, कुटकी की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जानी है। इसके लिए कृषक पंजीयन की अंतिम तिथि 24 अक्टूबर है, कोदो-कुटकी उत्पादक किसान नजदीकी पंजीयन केंद्र में जाकर आवश्यक दस्तावेज दिखाकर पंजीयन करवा सकते हैं। उप संचालक कृषि ने सभी किसानों से अपील करते हुए कहा है कि किसान भाई समय पर पंजीयन करवाएं और योजना का लाभ लें।

**गौ-वंश के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने का पर्व है गोवर्धन पूजा**

# दीपावली पर रोशन हुये घर आंगन





*** राज्य स्तरीय गोवर्धन पूजा में शामिल हुई केबिनेट मंत्री।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

राज्य स्तरीय गोवर्धन पूजा कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखण्ड नैनपुर के ग्राम पौंड़ी में श्री गोवर्धन पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके शामिल हुई। उन्होंने इस अवसर पर विधिवत पूजन कर समस्तजनों के सुख, समृद्धि और कल्याण के लिए कामना की। गौमाता की आराधना कर उन्हें गुड़ और हरी घास अर्पित की।

मंत्री श्रीमती उईके ने कहा कि गोवर्धन पूजा का यह पर्व हमें प्रकृति और गौ-वंश के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने का पर्व है। यह हमें प्रकृति से जुड़ाव के साथ-साथ गौ संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति अपने कर्तव्यों का स्मरण कराता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण जी एवं श्री गोवर्धन महाराज की कृपा और गौमाता के आशीर्वाद से सभी के जीवन में सुख, शांति और शुभता बनी रहे, यही मंगलकामना करती हूँ।

इस अवसर पर श्री प्रफुल्ल मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना, उपसंचालक पशुपालन श्री उग्रसेन तिवारी, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### दयोदय पशुसेवा सदन गौशाला में गोवर्धन पूजा आयोजित

मंडला विकासखंड के ग्राम आमानाला की दयोदय पशुसेवा सदन गौशाला में श्री गोवर्धन पूजा का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती उइके ने गौपूजन कर गौमाता को भोजन कराया तथा गोवर्धन पूजा की। उन्होंने कहा कि पंचदिवसीय दीपावली पर्व में चौथे दिन श्री गोर्वधन की पूजा की परंपरा रही है। सनातन काल से हमारे ऋषि-मुनि गौवंश की सेवा करते आए हैं। यह न सिर्फ गौसंवर्धन का प्रयास है बल्कि यह प्रकृति के संरक्षण से भी जुड़ा हुआ है। मध्यप्रदेश की सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रयास कर रही है। प्राकृतिक खेती में गौवंश का अत्यधिक महत्व है। पहले के समय में गोबर की खाद उर्वरक के रूप में उपयोग की जाती थी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश को दुग्ध उत्पादन में देश में अग्रणी बनाना चाहते हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी किसान भाई अपने घरों में गौवंश का पालन अवश्य करें एवं प्राकृतिक खेती की इस मुहिम को मजबूत करें। कार्यक्रम को नगरपालिका अध्यक्ष श्री कछवाहा ने भी संबोधित किया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में स्थानीय अहीर नृतक दल के लोक कलाकारों ने परंपरागत अहीर नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान प्रगतिशील पशुपालकों श्री दीपक साहू, श्रीमती प्रियंका मरावी, श्री नरेश कछवाहा, श्री हीरालाल रैदास, श्री रानू कछवाहा को शाल तथा श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।





# 22 पेटी अंग्रेजी शराब से भरी बलेनो कार जब्त



*** मनेरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी निवास के निर्देशन में चौकी मनेरी पुलिस ने अवैध शराब परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 22 पेटी अंग्रेजी शराब से भरी बिना नंबर की नई बलेनो कार जब्त की है। दिनांक 20/10/25 को तड़के सुबह गश्त के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि निवास की ओर से जबलपुर दिशा में अंग्रेजी शराब लेकर जा रही नीले रंग की बलेनो कार जा रही है। चौकी मनेरी पुलिस ने तत्परता से नाकाबंदी कर एकेवीएन ऑफिस के पास मेड़ी मुख्य मार्ग पर वाहन को रोका। चालक पुलिस को देखकर मौके से फरार हो गया। वाहन की तलाशी में कुल 22 पेटी (193.13 लीटर) अंग्रेजी शराब पाई गई। धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। जप्त सामान कुल 22 पेटी (मात्रा 193.13 लीटर) मूल्य 1,53,872/- (अनुमानित) बलेनो कार (बिना नंबर) 1 नग 8,50,000/- (अनुमानित) कुल जप्त माल का मूल्य 10,03,872/- (लगभग) पुलिस टीम उ.नि. शशांक शुक्ला, प्रभारी चौकी मनेरी का.सउनि. मनोज सेन प्रआर. 156अरविंद सिंह प्रआर. 224अभिषेक मिश्रा आर.746आनंद कुमार कोरी आर.745मुकेश कुमार, सैनिक 133योगेश पटेल।

## हज यात्रियों को दी गई मुबारकबाद



**भुआबिछिया।** नगर के प्रतिष्ठित कपड़ा व्यवसाई मोहम्मद युसूफ खान झब्बु, युनुस खान और उनके बड़े भाई फर्नीचर व्यवसाई मोहम्मद इस्माइल खान आज दोपहर अपने परिवार सहित हज यात्रा के लिए रवाना हुए शुभ अवसर पर मित्र जनों परिवारजनों, सामाजिक भाईयों ने सुरक्षित और सरल हज यात्रा के लिए मुबारकबाद दी और कामना की आप सभी की यात्रा अल्लाह की रहमत आपका मार्गदर्शन करें आपके हज को स्वीकार करें, ईमान को मजबूत करें और खुशी खुशी घर लौटे।

# वृद्धजनों के साथ मनाई दीपावली किया पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

माहिष्मती घाट स्थित रेडक्रॉस वृद्धाश्रम में उस समय भावुक कर देने वाला दृश्य देखने को मिला जब जिले के समाजसेवियों ने यहां निवासरत वृद्धजनों का स्नेहपूर्वक सम्मान किया। इस विशेष अवसर पर सामग्री देकर वृद्धजनों को सम्मानित किया तथा मिठाई फल व पुष्प प्रदान कर दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं इस अवसर पर वृद्धाआश्रम में माता लक्ष्मी का पूजन आरती कर प्रसादी वितरण की गई। वृद्धा आश्रम के वरिष्ठ सदस्य रघुनाथ नंदा से पूजन कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रमजीवी पत्रकार परिषद के जिलाध्यक्ष नीरज अग्रवाल रहे वृद्धजनों को मिठाई खिलाई और उनके साथ मिलकर दीपावली पूजन एवं आरती में भाग लिया। श्री अग्रवाल ने कहा कि वृद्धजनों का सम्मान करना ही सच्चे अर्थों में संस्कृति और संस्कार का निर्वाह है इनके आशीर्वाद से ही समाज में सुख-समृद्धि और शांति बनी रहती है उन्होंने यह भी कहा कि दीपावली जैसे पर्व का असली उद्देश्य तभी पूरा होता है जब हम समाज के उन लोगों के साथ इसे मनाए जिनके जीवन में स्नेह की सबसे अधिक आवश्यकता है इस अवसर पर रेडक्रॉस संस्था के वरिष्ठ सदस्य राजेश क्षत्री जन परिषद जिला अध्यक्ष मुकेश सोनी, सुधीर कांसकर, किशोर रजक, रेनू कछवाहा, श्रीमति उमा यादव, रोहित बघेल, दीपक बैरागी सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने वृद्धजनों के साथ समय बिताकर उन्हें यह एहसास दिलाया कि समाज आज भी उनके योगदान को याद करता है और उन्हें अकेला नहीं छोड़ा गया है। वृद्धाश्रम के संचालकों एवं निवासियों ने इस आयोजन के लिए आयोजकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन उनके जीवन में नई ऊर्जा और उमंग भरते हैं। दीपों की रौशनी और मिठास से ओत-प्रोत यह दिन वृद्धजनों के चेहरों पर मुस्कान छोड़ गया। श्रमजीवी पत्रकार परिषद की यह पहल समाज के लिए एक प्रेरणा है कि वृद्धों के साथ प्रेम, सम्मान और स्नेह से त्यौहार मनाना ही हमारी सच्ची सांस्कृतिक परंपरा है।



## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने दीपावली के अवसर पर सभी देवालयों में जलाए दीपक



**भुआबिछिया।** दीपावली पर्व के शुभ अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद (बजरंग दल) नगर बिछिया के तत्वाधान में नगर के सभी केंद्रस्थल के मंदिरों में दीपोत्सव मनाया गया। उक्त संपूर्ण कार्यक्रम में वरिष्ठ मार्गदर्शक विश्राम सिंह मार्को जी (रिटायर्ड एएसआई), नगर अध्यक्ष (विहिप) सचिन तेकाम जी, प्रखंड मंत्री राजू भाषंत जी, जिला धर्मप्रसार प्रमुख विवेक कुमार पाण्डेय जी, मातृशक्ति जिला संयोजिका बबीता दीदी, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रजनी दीदी तथा मंदिरों के प्रमुख पुजारी, नगर के वरिष्ठजन, मातृशक्ति समूह एवं सभी सनातनी बंधुओं द्वारा प्रत्येक मंदिर में मंत्रोच्चार से दीप प्रज्ज्वलित एवं प्रसाद अर्पण कर दीपावली पर्व मनाया गया एवं समाज में शांति, सौहाद्र तथा धर्म स्थापना हेतु प्रार्थना की गई। सर्वप्रथम श्री हनुमानलला आश्रम में दीपोत्सव संपन्न हुआ, उसके पश्चात बंजारी धाम, भुआ खेरमाई, श्रीराममंदिर, विनोद रंगमंच, थाना परिसर में हनुमान जी दरबार, राजराजेश्वरी रेंज मंदिर, बिछिया खेरमाई, तालाबटोला शिव मंदिर, जंतीपुर हनुमान मंदिर, इस प्रकार सभी मंदिरों में विश्व हिन्दू परिषद (बजरंग दल) नगर बिछिया द्वारा दीपोत्सव कार्यक्रम संपन्न किया गया, जिसमें नगर के सभी सनातनी हिन्दू एवं मातृशक्तियां उपस्थित रहीं।

**कार्यवाई** | **कोर्ट के आदेश पर ग्रामीण बैंक ने की बड़ी कार्रवाई।**

# बैंक का ऋण न चुकाने पर मकान हुआ जब्त

*** बकायादारों को सख्त संदेश देने की कवायद।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



न्यायालय जिलादंडाधिकारी मंडला के आदेश के अनुपालन में मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा बिंझिया ने भवन ऋण डिफाल्टर गोपी लाल कछवाहा निवासी कोरगांव (पंचायत हल्का क्रमांक 31/61 पुरवा, जिला मंडला) के मकान पर सरफेसी एक्ट 2002 के तहत बड़ी कार्रवाई की।

जानकारी के अनुसार, बैंक द्वारा पूर्व में कई बार नोटिस जारी किए जाने के बावजूद ऋण की अदायगी नहीं की गई, जिसके बाद न्यायालय के आदेश पर ऋणी की संपत्ति का भौतिक कब्ज़ा बैंक को सौंप दिया गया।

यह संपत्ति खसरा नंबर 486/1/2, रकबा 0.0100 हेक्टेयर, प्लॉट क्षेत्रफल लगभग 1090 वर्गफीट में निर्मित आवासीय भवन है।

मौके पर प्रशासनिक एवं बैंक अधिकारियों की मौजूदगी में पंचनामा तैयार कर कार्रवाई पूर्ण की गई। मकान पर बैंक की ओर से नोटिस बोर्ड लगाया गया, जिसमें स्पष्ट उल्लेख किया गया कि अब इस संपत्ति का एकमात्र स्वामी बैंक है। साथ ही चेतावनी दी गई कि कोई भी व्यक्ति इस संपत्ति की खरीद, बिक्री या हस्तांतरण करता है, तो उसकी जिम्मेदारी पूर्णतः स्वयं की होगी।

इस कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सुरेश प्रसाद सिंह परस्ते, उप क्षेत्रीय प्रबंधक जितेन्द्र ठाकुर, शाखा प्रबंधक श्रीमती रितु राय, तहसीलदार हिमांशु भलावी, पटवारी, कोटवार, पुलिस बल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस बल तैनात किया गया और पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं कानूनी तरीके से संपन्न हुई। यू

बैंक अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई बकायेदारों को सख्त संदेश देने और ऋण वसूली को मजबूत बनाने के उद्देश्य से की गई है।

उन्होंने कहा कि समय पर ऋण की अदायगी न करने वालों पर बैंक भविष्य में भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रखेगा।

अधिकारियों के मुताबिक यह मामला लंबे समय से लंबित था और बैंक द्वारा कई बार समझाइश देने के बाद भी भुगतान नहीं किया गया, जिसके चलते सरफेसी एक्ट के तहत यह निर्णायक कदम उठाया गया।

मंडला जिले में इस प्रकार की यह बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है, जिससे अन्य ऋण बकायेदारों में भी सतर्कता का माहौल देखा जा रहा है।

## 148 बटालियन सीआरपीएफ, मंडला ने "पुलिस स्मृति दिवस" पर बलिदानियों को याद कर दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

148 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने मुख्यालय प्रांगण, मंडला में "पुलिस स्मृति दिवस" के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहाँ कमांडेंट श्री विक्रांत सारंगपाणि ने शहीदों के सम्मान में स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित किया तथा शहीदों को सलामी देकर उनके साहस और समर्पण को नमन किया गया। कमांडेंट ने अपने संबोधन में कहा कि यह दिवस 21 अक्टूबर, 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में चीनी सैनिकों के साथ हुई झड़प में शहीद हुए 10 सीआरपीएफ जवानों की बहादुरी और बलिदान की याद में मनाया जाता है तथा "पुलिस स्मृति दिवस" हमें उन सभी वीर जवानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर देता है, जिन्होंने देश की आंतरिक सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनका बलिदान हमें हमेशा प्रेरित करता रहेगा।

कार्यक्रम के दौरान, देश भर में पिछले एक वर्ष के दौरान शहीद हुए पुलिसकर्मियों के नाम पढ़े गए, जिससे उनके बलिदान को याद किया गया। बटालियन ने इस बात पर जोर दिया कि देश की सेवा में किए गए इन बलिदानों को कभी भुलाया नहीं जाएगा।

यह आयोजन शहीदों के परिवारों के प्रति बटालियन की एकजुटता और सम्मान को भी दर्शाता है। 148 बटालियन सीआरपीएफ यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि इन शहीदों के बलिदान को हमेशा सम्मान दिया जाए और उनकी स्मृति को जीवित रखा जाए। आयोजन में श्री मनोरंजन कुमार, उप कमाण्डेन्ट, सूबेदार अंकुश शर्मा के साथ वाहिनी के अन्य अधिनस्थ अधिकारी एवं जवानों ने भाग लिया।



## विधायक पटेल ने सगौरिया गौशाला में पहुंचकर किया गोवर्धन पूजन

हरिभूमि न्यूज/खुलरी। हमारी संस्कृति में हर त्यौहार एक अलग ही महत्व रखता है। इसी प्रकार से दीवाली के बाद गोवर्धन पूजन का जो महत्व होता है उसके चलते बीते हुये बुधवार को तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ग्राम पंचायत सगौरिया स्थित मुख्यमंत्री गौशाला में पहुंचकार गोवर्धन पूजा में शामिल होते हुये उन्होंने यहां गौ माता का पूजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रकृति ने हमें बनाया है हमें प्रकृति की पूजा करनी चाहिए तथा प्रकृति की रक्षा भी करनी चाहिए। गौसेवा हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिये। क्योंकि गौमाता में सभी देवताओं का निवास होता है। मात्र गाय माता के पूजन से सभी देवताओं की पूजन हो जाती है। गाय माता के दूध का उपयोग करने से जहां मनुष्य के अंदर अनेक प्रकार की बीमारियों का नाश होता है तो दूसरी ओर यदि गाय के गोबर में हम अपने घर द्वार की लिपाई करते हुये हो वहां पर भगवान प्रसन्न होते है। इसी के चलते महिलाये माँ लक्ष्मी जी के आगमन के दौरान दीवाली के दिन गाय माता के गोवर से अपने घरों की लिपाई करती है। मगर बडे ही हैरत के बाद है कि हम गाय माता की सेवा करने के जगह अन्य इस तरह के जानवरों की सेवा करते हुये उन्हें अपने घरों में पाल कर गाड़ियों पर घुमाने लगे है। अन्य जानवर को पालने से भी कम खर्च पर हम घर में गाय माता को पाल सकते है। जों हम दूध देने के साथ साथ उसके गोबर व मूत्र से अनेक प्रकार की बीमारियों से निजात पाने में सफल हो सकते है। इस अवसर पर विधायक पटैल सहित अन्य लोग मौजूद थें।

## शुरू हुआ गांव गांव मडई मेलों का आयोजन, आज भी आकर्षण का केन्द्र बन रहे है यह मेला

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। भले ही इस समय सभी व्यवस्थाएं हाईटेक होती चली जा रही है। मगर गांवों में जिस प्रकार से पूर्वजों के समय से जो परम्पराएं चली आ रही है उनका महत्व आज भी गांवों में देखने मिल रहा है और लोगों के बीच वह आकर्षण का केन्द्र बनने से नही चूकते है। इसी में शामिल मढ़ई मेले के आयोजन को भी देखा जाता है जो दीवाली के दूसरे दिन से शुरू होते हुये गांवों में जिस प्रकार से मढ़ई मेले के आयोजन की शुरूआत होती है वह पूर्णिमा तक लगातार जारी रहती है और इस मढ़ई मेलों को लोगों द्वारा गांवों में आज भी उतना ही महत्व दिया जाता जो पूर्व के समय में दिया जाता था। बताया जाता है कि गांवों में मढ़ई का आयोजन इस उद्धेश्य से किया जाता था कि मरहई माता गांव की रक्षा करती है और वर्ष में एक बार उसकी पूजन करने के लिये हर गांव में मढ़ई मेला लगाया जाता है। उसी परम्परा के चलते शहरों के साथ साथ आज भी दीवाली के बाद इस प्रकार से मढ़ई मेले भरते हुये देखे जाते है। अनेक जगहों पर तो इस प्रकार का रिवाज होता है कि मढ़ई मेला लगने के दिवस अपने रिस्तेदारों को निमंत्रण करते हुये उनकी आव भगत की जाती है और गांव में लगने वाले मढ़ई मेले में घुमाते हुये मरहई माता के दर्शन कराये जाते है। इस प्रकार से गांव गांव लगने वाले मढ़ई मेले के दौरान ग्राम के लोगों द्वारा मोर पंख से सजी हुई ढाल ले जाई जाती है जो अस्थाई रूप से स्थापित की जाने वाली मरहई माता के मठ पर रखी जाती है और सभी ग्रामवासी उस स्थल पर पहुंचकर परिक्रमा करते हुये पूजन करते है तथा अपने ग्राम व क्षेत्र की सुख शांति की कामना की जाती है। इस प्रकार से लगने वाले मढ़ई मेलों में दूर दूर के दुकानदार अपनी दुकानें लेकर पहुंचते है जिसमें अनेक प्रकार के मनोरंजन के साधन भी मौजूद रहते है जहां पर बच्चे मौज मस्ती करते है। इस तरह से लगने वाले मढ़ई मेलों का बच्चों सहित ग्राम के लोगों को दीवाली होते ही इंतजार हो जाता है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये दिवस नगर सहित क्षेत्र में अनेक जगहो पर मढ़ई मेले का आयोजन हुआ जो आकर्षण का केन्द्र बनने से नही चूका। क्योंकि इस वर्ष अमावस्या दो दिन होने के कारण कुछ लोगों द्वारा परमा का त्यौहार कुल मंगलवार को मनया तो कुछ लोगानें ने बुधवार को मनाया गया।

**खुशियों के बीच मनाया गया दीवाली पर्व, लगातार तीसरे साल एक दिन के अंतर से हुई गोवर्धन पूजन तो आज मनाई जावेगी भाई दूज**

# माँ लक्ष्मी के आगमन को लेकर लोगों ने घर आंगन में सजाये गये जगमगाते हुये दीप

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।









पांच दिवसीय दीपावली का त्यौहार बीते हुये सोमवार को नगर सहित संपूर्ण क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर लोगों ने अपने घरों में जहां धन की देवी माँ लक्ष्मीजी की विधि विधान के साथ पूजन, आराधना की गई तथा माँ लक्ष्मी से अपने घरों में सुख, समृद्धि आने की मनोकामना कर घरों को जगमग दीपों सुसज्जित कर लोगों ने दीपोत्सव की शुभकानाओं का आदान प्रदान करने के साथ साथ एक दूसरे के घरों में दीपक वितरण करते हुये जहां दीवाली की खुशियों का इजहार किया गया तो दूसरी ओर दीवाली के दिन सुबह से ही बाजार में जो चहल पहल का महौल देखने मिल रहा था उसके चलते बाजार की स्थिति इस प्रकार से बन चुकी थी कि उमड़े हुये हुजूम के बीच पैर रखने की जगह भी मुश्किल जान पड़ने लगी थी। कुछ इसी प्रकार का हाल नगर में मोटर साईकिल सहित अन्य वाहनों की दुकानों पर देखने मिल रही थी जहां पर दुकानदारों द्वारा अपने ग्राहकों के स्वागत के लिये अपनी दुकानों को नई नबेली दुल्हन की तरह सजाते हुये दीवाली के दिन पहुंचने वाले ग्राहकों का स्वागत किया गया। वही दूसरी ओर नगर की मिठाई दुकानों पर भी दिन भर भीड़ का आलम देखने मिला तो दूसरी ओर पूजन सामग्री की दुकानों से लेकर फूल विक्रेताओं के यहां पर भी भीड भाड़ का आलम देखने मिला। इस तरह दीवाली के दिवस पूजन का शुभ विशेष मुहुर्त शाम 6 बजे से शाम 8.18 बजे तक का होने के कारण लोगों के घरों में पूर्ण विधि विधान के साथ माँ लक्ष्मी जी का पूजन करने के साथ साथ शुद्ध घी व तेल से जलाये गये दीपकों को अपने कुल देवताओं सहित घर के आंगनों में रखे जाने के कारण संपूर्ण महौल पूर्णरूप से जगमग होते हुये देखने मिला। वही दूसरी ओर देखा गया कि दीपावली की रात जहां बच्चों व युवाओं ने संगोलियों से सजे हुए घर आंगनों व सड़को पर उत्साह के साथ जमकर फटाखें फोड़ वातावरण को सप्तरंगी प्रकाश से ओत प्रोत करने के बाद विविध प्रकार के व्यंजन, मिठाईयाँ खाकर दीपावली मनाने के अपने उत्साह का प्रदर्शन किया। इस प्रकार से दीपों के बीच खुशिया मनाने का त्यौहार जहां नगरवासियों सहित संपूर्ण क्षेत्र में हर्ष उल्लास के साथ मनाने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी। लोगों द्वारा अपने घरों को तो दीपों से जगमग किया ही गया था साथ ही भगवान सहित देवी मंदिरों से भी जलते हुये दीपों से अनोखी छटा देखने मिल रही थी। वही दूसरी ओर दीवाली की रात शहर की मुहल्ला कालोनियों की बात दूर खुलेआम मुख्य सड़को पर जुंआ के फड चलते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रहे थें...? शहर के पानी टंकी सहित अन्य जगहों के हालत तो इस प्रकार से दिखाई पड रहे थें कि जुआरियों द्वारा खुलेआम सार्वजनिक जगहों रोड किनारे ही बैठकर जुआ खेलने कोई कसर नही छोड़ी गई थी। वही नगर में चले जुआ के अवैध कारोबार की सच्चाई दीवाली के दूसरे दिन यानि की मंगलवार की सुबह खुद ही जुआरियों के मुंह से सुनी जाने लगी कि शहर में अनेक जगहों पर लाखों के दांव चलते रहे और पुलिस के पहुंचने के पहले ही भागने में सफल होते रहे। इस बात से इंकार नही किया जा सकता हे कि निष्ठावन उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा व नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा जुंआ के खेल पर अंकुश लगाने के लिये लगाई गस्त के दौरान अनेक जगहों पर छापा डालते हुये जुआरियों को पकड़ने में सफलता भी हासिल की गई है। वही लगातार तीसरे साल तिथि के हेरफेर के चलते दीवाली पूजन के एक दिन अंतराल से गोवर्धन पर्व मनाया गया। क्योंकि दीवाली पर्व चौदस को होने तथा दूसरी ओर अमावस्या के चलते लोगों द्वारा गोवर्धन पूजन नही किया गया जिसके चलते लोगों ने अपने घरों में भगवान गोवर्धन जी का पूजन बुधवार को किया गया तो आज आज गुरूवार को भाईदूज का त्यौहार मनाया जावेगा। भाई दूज पूर्व के चलते आज बहिन भाई के माथें पर तलक लगायेगी।



## घर घर हुई भगवान गोवर्धन जी का पूजा, परिक्रमा लगाते हुये मागा आशीर्वाद



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। शहर हो या फिर गांव हमारे सनातन धर्म के अनुसार भी प्रकार के त्यौहार बडे ही धूमधाम के साथ व विधि विधान से मनाये जाने की जो परम्परा रहती है वह आज भी शहरों से लेकर गांवों में देखने मिलती है। इस बात की सच्चाई कल बुधवार को उस समय देखने मिली जब शहर से लेकर गांवों में लोगों द्वारा अपने घर के आंगनों में स्थापित किये गये गोवर्धन भगवान यानि की गाय के गोबर से निर्मित किये गये गोवर्धन भगवान यानि की गोधन का पूजन घरों घर अपने परिवार के सदस्याओं द्वारा मिलकर पूजन किया गया। वैसे तो यह पूजन दीवाली के दूसरे दिन होता है। मगर इस वर्ष तिथि के आगे पीछे होने के चलते अमावस्या दो दिन होने के कारण गोवर्धन पूजन एक दिन के बाद यानि की बुधवार को हुआ है। नगर के विजय कालोनी निवासी पंडित संजय द्विवेदी के यहां पर पुत्रबंधु श्रीमति शशि द्विवेदी द्वारा जिस तरह घर के आंगन में भगवान गोवर्धन महाराज जी की छबि गोवर के माध्यम से निर्मित की गई वह आकर्षण का केन्द्र बनने से नही चूक पा रही थी। वही सभी परिजनों द्वारा भगवान गोवर्धन जी को 56 भोज अर्पित करते हुये परम्परा के अनुसार पूजन करते हुये आर्शीवाद लिया गया। इस तरह बुधवार को नगर सहित गांव गांव हर घर में भगवान गोवर्धन पूजन के दौरान लोगों के परिवारो में जिस तरह भाईचारे का नजारा देखने मिला कि पूरा परिवार एक साथ होकर भगवान गोवर्धन जी का पूजन करते हुये उसकी परिक्रमा लगाते हुये देखे गये और भगवान से किसानों द्वारा सुख समृद्धि की कामना की गई।

# बसुरिया गो शाला में जनपद अध्यक्ष ने किया गोवर्धन पूजन

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।



मध्य प्रदेश शासन के आदेश अनुसार को गौशाला बसुरिया में कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को पूजन आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्रीमति राधा बाई अहिरवार ( जनपद पंचायत अध्यक्ष) सहित पंचायत बसुरिया सरपंच कमलेश सिलोकिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे। बताया जाता है कि सबसे पहले पंडित कौशल दुबे नित्य गोपाल तिवारी द्वारा मंत्रों उच्चारण से गौमाता गोवर्धन पूजन अर्चना कराया गया। बताया जाता है कि इसके बाद सभी गौवंश को प्रसादी के रूप में अन्नदान किया गया। वही कार्यक्रम में कवि पुरुषोत्तम मुख्तयार द्वारा गौमाता पर करुणामय हृदय से रचना पाठ किया। इस दौरान मुख्य वक्ता के रूप में जयप्रकाश वर्मा , रामकुमार बड़कुर, कमलेश द्वारा गौ संवर्धन पर बात रखी गई। वही गौशाला परिसर म.प्र.जन अभियान परिषद् द्वारा वृक्षारोपण करते हुये पर्यावरण की रक्षा का संदेश दिया गया। इस दौरान साथ धान की पराली 2000 रुपया ट्राली के हिसाब से खरीदने पर सहमति बनी। इस कार्यक्रम वरिष्ठ समाजसेवी चित्रा पांडे ( पूर्व शिक्षक ) जनपद अध्यक्ष राधा बाई कमलेश अहिरवार , जिला मंत्री जय प्रकाश वर्मा, हाकम सिंह वर्मा, रामकुमार, रामकुमार बड़कुर , चंद्रप्रकाश वर्मा , ठाकुर भैया बड़कुर ,मनीष नगपुरिया तथा कार्यक्रम मार्गदर्शक डा. आस.एस. पटेल, नवांकुर संस्था से रामेश्वर वर्मा, लीलाधर लोधी व स्व समूह से राजकुमारी लोधी, राधा बाई विश्वकर्मा, मधु लोधी, गायत्री लोधी, मनीष राय, आदर्श सुमित कृष्णा लोधी, तरुण दीपक सूरज सहित अन्य लोग मौजूद थें।

# ढेड़ साल से गायब माँ सहित मासूम बेटी को सालीचौका पुलिस केरल प्रांत से खोजते हुये परिवार को लौटाई खुशियाँ





हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। निश्चित ही हर घर में धर्मपत्नी को जहां घर की लक्ष्मी माना जाता है जब बेटी का जन्म होता है तो पूरा परिवार खुशियों से इसलिये झमने से नही चूकता है कि घर में अब लक्ष्मी ने जन्म ले लिया गया है। मगर जब बीते हुये लगभग ढेड़ साल पहले सालीचौका निवासी एक परिवार की बहू अपने मासूम बेटी के साथ अचानक गायब हो गई थी तो मानों उस घर की खुशियाँ ही गायब हो गई थी। मगर सालीचौका चौकी प्रभारी वर्षा धाकड़ के प्रयासों के चलते दीवाली के मौके पर परिवार की खुशियाँ वापिस आने के चलते परिजनों में हर्ष देखने मिल रहा है। बताया जाता है कि सालीचौका पुलिस चौकी में लगभग डेढ़ साल पहले एक व्यक्ति द्वारा अपनी मानसिक रूप से विक्षिप्त पत्नी सहित मासूम बेटी के अचानक गुम होने की सोचना दिये जाने पर सालीचौका पुलिस द्वारा गुम इंसान का मामले कायम करते हुये खोजबीन कर जा रही थी। वही जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना द्वारा मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये गायब माँ बेटी को खोजने के लिये दिये गये निर्देषों के चलते उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन तथा नगर निरीक्षक विक्रम रजक के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई। इस तरह डेढ़ साल से गायब माँ व बेटी को खोजने के लिये बनाई गई टीम में मुख्य रूप से सालीचौका चौकी प्रभारी निरीक्षक वर्षा धाकड़, प्रधान आरक्षक मनोज भारद्वाज, आरक्षक जमना प्रसाद रजक को शामिल किया गया था। बताया जाता है कि इस टीम द्वारा गुमशुदा महिला एवं उसकी अवोध बच्ची की तलाश हेतु सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से प्राप्त जानकारी का संकलन किया गया। तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे टेलीग्राम एवं व्हाट्सएप के अंतरराज्यीय ग्रुपों सहित अन्य संचार माध्यमों के माध्यम से गुमशुदा के संबंध में जानकारियाँ साझा की गईं, ताकि महिला एवं बच्ची की तलाश को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जा सके। इस तरह पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा की तलाश हेतु किए गए प्रभावी प्रयासों के चलते जानकारी प्राप्त हुयी कि उक्त गुमशुदा वर्तमान में त्रिसुर, केरल में है। जानकारी प्राप्त हेते ही पुलिस टीम तत्काल केरल के लिए रवान की गयी जो शासकीय महिला मंदिरम, रामावरमपुरम, त्रिसुर केरल पहुँचकर गुमशुदा महिला को मय बच्ची के दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त हुयी। इस तरह लगभग डेढ़ वर्ष से लापता महिला एवं अवोध बच्ची को दीपावली से पूर्व परिजनों को सौप जाने के चलते परिजवार के लोगों में जहां काफी हर्ष देखने मिल रहा है। वही दूसरी वह पुलिस थाने से अपने घर के बहू व बेटी को लक्ष्मी की घर वापिसी होने के चलते पूजन करते हुये घर ले गये। वही दूसरी ओर पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही पर क्षेत्र के लोगों द्वारा प्रसन्नत जाहिर की जा रही है।

# मंत्री उदय प्रताप सिंह द्वारा सामुदायिक भवन निर्माण के लिए की गई 25 लाख की घोषणा, गौशाला छैनाकछार- ए में गोवर्धन पूजन किया में हुये शामिल





हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।



प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा व परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि हम सभी किसान व गौ पालक हैं, हमारा दायित्व है कि हम गौवंश की रक्षा करें, उन्हें चारा- भूसा दें, उसकी देख भाल करें। गोवर्धन पूजन के अवसर पर हम सभी किसान व गौ पालकों को गौ माता की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए। इस दौरान उन्होंने बताया कि गौ माता का हमारे जीवन में अत्यधिक महत्वपूर्ण स्थान है। हम बचपन में मां का दूध पीकर बड़े होते हैं, लेकिन जब हम बड़े होतें है तो हमें स्वस्थ व निरोग रहने के लिए गौ माता के दूध की जरूरत पड़ती है। इसलिए हम उसे गौ माता कहते हैं। वही जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत मुख्यमंत्री गौशाला छैनाकछार- ए- नयागांव में गौवर्धन पूजन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मंत्री सिंह ने इस अवसर पर विधि-विधान के साथ गौ माता की पूजा- अर्चना कर अपने हाथों से खीर, पुड़ी व घास खिलाई। इस अवसर पर पूर्व विधायक नरेश पाठक व श्रीमती साधना स्थापक, सुरेश मामुलिया, राजेश गुर्जर, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेश कौरव, दिग्विजय सिंह राजपूत, राजीव राय, जयप्रकाश वर्मा, कीरत सिंह पटेल, राजकुमार गुर्जर, कामता प्रसाद वर्मा, पराग तिवारी के आलवा प्रशासनिक अधिकारियों में अनुविभागीय अधिकारी कलावति व्यारे, उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद थें। इस दौरान मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने नयाखेड़ा में सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए 25 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण और छैनाकछार- ए में मंदिर के पास चबूतरा निर्माण व टीन शेढ निर्माण के लिए दो लाख रुपये देने की घोषणा की गई। वही कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण भी गौ माता की सेवा करते थे। गौवंश के सम्पर्क में रहने वाला और उनकी सेवा करने वाला व्यक्ति हमेशा स्वस्थ व निरोग रहता है। आज हम सभी को गौवर्धन पूजन कर गौ माता की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए। शासन द्वारा गौशालाओं का संचालन करने के लिए अनुदान राशि भी प्रदान की जाती है। गौशाला संचालकों को उक्त राशि से गौशालाओं का बेहतर तरीके से संचालन करना चाहिए। इस मौके पर गोबर खाद का महत्व बताते हुए कहा कि किसान भाई अपने खेतों को उपजाऊ बनाने व फसलों का अधिक पैदावार करने के लिए गोबर खाद का उपयोग करें। गोबर खाद से भूमि की उर्वरकता शक्ति भी बढ़ती है और फसलों में पोषक तत्व भी बढ़ जाते हैं। इन फसलों का सेवन करने वाले व्यक्ति हमेशा निरोग व स्वस्थ रहता है।

# नर्मदा भक्तों ने ककराघाट पर दीप जलाते हुये दिया अनोखा संदेश, दीपों की रोशनी से जगमग हुआ माँ रेवा का तट

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।





वैसे देखा जावे तो दीपावली के पावन मौके पर क्षेत्र की सभी नर्मदा तटों पर भक्तों की भीड़ उमड़ने से नही चूकती है और दिन भर मेले जैसे महौल देखा जाता है। इसी के चलते दीपावली के मौके पर जहां नर्मदा तटों पर स्नान करने के लिये भक्तों की भीड़ उमड़ते हुये देखी गई। मगर वही दीवाली की रात देखने मिला है कि दीवाली के रात नर्मदा भक्तों से जिस तरह क्षेत्र की रक्षक माने जाने वाली माँ नर्मदा जी के तट को दीपों की रोशनी से नहाया गया है वह निश्चित तौर से आकर्षण का केन्द्र बनने से नही चूक पाया है। बताया जाता है कि दीवाली की रात माँ रेवा मैय्या के भक्तों ने समीपस्थ ककराघाट पहुंचाते हुये संपूर्ण क्षेत्र में हजारों की संख्या में दीप चलाते हुये संपूर्ण नर्मदा तट को रोशन करने के साथ माँ नर्मदाजी से सुख समृद्वि की कामना करते हुये पूजन किया गया। वही दूसरी ओर प्रार्थना की गई कि है क्षेत्रवासियो की रक्षा माँ सदा ही तेरे अंचल में निवास करने वाले अपने पुत्रों के ऊपर रक्षा कवच बनाते हुये उनकी समृद्वि के लिये आर्शीवाद प्रदान करती रहना जिससे पहले की तरह तेरे पुत्रों पर कोई भी बड़ा संकट आने के पूर्व समाप्त हो जावे।
















खबर संक्षेप

## कृषक पुरस्कार से सम्मानित होंगे जिले के किसान

**उमरिया।** परियोजना संचालक आत्मा ने बताया कि सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा योजनान्तर्गत जिले के सर्वोच्च उत्पादकता हासिल करने वाले कृषकों को जिला स्तर पर व कृषक ब्लाक स्तर पर सर्वोत्तम कृषकों को सम्मानित किया जाना प्रस्तावित है। सम्मान 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर किसानों को दिया जाना है। उन्होंने बताया कि जिले के तीनों विकासखण्ड से एक-एक किसान को सर्वोच्च उत्पादकता पुरस्कार दिया जाएगा। जिले के समस्त प्रगतिशील कृषकों (जिसमें कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन,कृषि अभियांत्रिकी) से अपेक्षा है, कि वे अपने क्षेत्र अंतर्गत कार्यरत कृषि विस्तार अधिकारी या सीधे वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर आवेदन प्राप्त कर निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर सकते है। किसान अपने आवेदन संबंधित विकासखण्ड कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड करकेली/ मानपुर/ पाली में 15 नवम्बर 2025 तक जमा कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। किसान भाई अधिक जानकारी हेतु कार्यालय परियोजना संचालक आत्मा समिति जिला उमरिया के कार्यालयीन समय में एवं दूरभाष क्रमांक 07653-222421 पर संपर्क कर सकते है।

## माता लक्ष्मी जी की मूर्ति का आज होगा धूमधाम के साथ विसर्जन



**हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।** इस वर्ष प्रथम बार माता लक्ष्मी जी की मूर्ति ग्राम सको ला मैं रखा गया ग्रामीण जन एवं मोहल्ले वासियों ने एकत्रित सहयोग से साज सजावट करके माता जी की मूर्ति का विधि विधान पूजा किया गया और शाम होते ही डीजे लगाकर छोटे-छोटे बच्चे गरबा डांस किया इस मौके पर पूर्व विधायक सुनील शराफ पहुंचे मौके पर ही माताजी का पूजा हो रहा था उसमें सम्मिलित हुए फिर ग्रामीण जनों को माइक द्वारा अच्छी-अच्छी बातों से अवगत कराया गया बाद में प्रसाद वितरण हुआ जिसमें अमरनाथ साहू राजकुमार साहू राजेंद्र विश्वकर्मा एवं रौनक साहू और मोहल्ले वासी ग्रामीण जन की भारी सहयोग प्राप्त हुई आज दूसरे दिन माता श्री लक्ष्मी जी का बहुत ही धूमधाम से डीजे और रथ सवारी गांव मोहल्ले में फेरी लगाते हुए विसर्जन किया जाएगा।

## मुक्तिधाम को धनतेरस के दिन 1100 दीपक से प्रकाशमय करते हुए किया गया जगमग



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर के वार्ड क्रमांक 04 मे स्थित मुक्तिधाम को धनतेरस के दिन 1100 दीपक से प्रकाशमय करते हुए मुक्ती धाम को जगमग किया गया है जो एकादशी तक निरंतर दियो को जलाते हुए प्रकाशमय किया जायेगा। बाबा महाकाल के भक्त निक्की शर्मा ने बताया कि अपने पूर्वजो की सेवा और मोक्ष के पवित्र स्थल को प्रकाशित करने से आत्मीय संतोष मिलता है उन्होंने सभी को आमंत्रित करते हुए सहभागिता की अपील की है।

## पार्षद श्रीमती मीना सोनी का निधन

**कोतमा।** नगर पालिका की वार्ड क्रमांक 13 की पार्षद श्रीमती मीना सोनी का मंगलवार की रात निधन हो गया। बताया जाता है कि वह अपने कमरे मे सो रही थी रात्रि 12 बजे पुत्र सुमित घर आया और कमरे मे गया तो देखा कि मम्मी का हाथ पैर फैला हुआ है और मुंह खुला था तत्काल ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर गये जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# पुलिस लाइन डिण्डौरी में शहीद स्मृति दिवस समारोह गरिमामय रूप से सम्पन्न





डिंडौरी।

पुलिस लाइन डिण्डौरी में शहीद स्मृति दिवस के अवसर पर एक भव्य एवं भावनापूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश एवं प्रदेश की सुरक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रेश परस्ते, कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा, समस्त राजपत्रित अधिकारी पुलिस, थाना प्रभारीगण एवं बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर किया गया, जिसके पश्चात दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके उपरांत शहीद स्मृति दिवस की परेड का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व प्रभारी रक्षित निरीक्षक श्री कुँवर सिंह ओलाड़ी द्वारा किया गया। परेड में पुलिस जवानों ने अनुशासन, एकता एवं समर्पण की उत्कृष्ट मिसाल प्रस्तुत की।कार्यक्रम में शहीदों के परिजन भी उपस्थित रहे। परेड उपरांत शहीदों के परिजनों का पुलिस विभाग की ओर से शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर पूरे वातावरण में गर्व और भावनात्मकता का संचार हुआ।कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि शहीद हमारे समाज की अमर धरोहर हैं, जिन्होंने देश की सुरक्षा और जनता की सेवा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। हमें उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर अपने कार्यों में उत्कृष्टता, निष्ठा और समर्पण का भाव बनाए रखना चाहिए। शहीदों का यह बलिदान सदैव हमें कर्तव्य के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा देता रहेगा।पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह ने कहा कि शहीद हमारे समाज और राष्ट्र की अमर प्रेरणा हैं, जिन्होंने अपने कर्तव्य पथ पर चलते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका त्याग हमें निष्ठा, सेवा और समर्पण की सीख देता है।

उन्होंने जिले की पुलिस टीम के अनुशासन, समर्पण और सेवा भावना की सराहना की।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित अधिकारियों एवं पुलिस जवानों ने शहीदों के आदर्शों पर चलने और राष्ट्र सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।इस प्रकार शहीद स्मृति दिवस समारोह गरिमामय और प्रेरणादायी वातावरण में सम्पन्न हुआ।

ग्राम पंचायत करोपानी में गौपूजन कार्यक्रम सम्पन्न

# मां अंबे स्व-सहायता समूह एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में हुआ आयोजन





डिंडौरी।

विकासखंड बजाग के ग्राम पंचायत करोपानी में मंगलवार को मध्यप्रदेश शासन के गौसंवर्धन एवं संरक्षण अभियान के तहत गौपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन मां अंबे स्व-सहायता समूह एवं जिला प्रशासन डिंडौरी के संयुक्त तत्वावधान में करो पानी गौशाला परिसर में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रूद्रेश परस्ते, जनपद अध्यक्ष बजाग श्रीमती फूलकली मरावी, राजेंद्र दुबे, सरपंच श्रीमती ज्ञानकुमारी मरावी, भगोलीय प्रसाद बछला, उमेश खंडेलवाल, काशीराम मरावी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों का स्वागत ग्रामवासियों एवं गौशाला समिति के सदस्यों द्वारा फूलमाला पहनाकर एवं चंदन तिलक लगाकर किया गया। इस अवसर पर स्थानीय लोकनृत्य दलों ने ग्वाला नृत्य प्रस्तुत कर पारंपरिक ढंग से अतिथियों का स्वागत किया, जिससे पूरे वातावरण में उत्सव एवं भक्ति की भावना का संचार हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित श्री विपिन तिवारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ गोवर्धन पूजा से हुआ। इस दौरान कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने गौशाला में उपस्थित लगभग 100 गौवंश को तिलक लगाकर, माला पहनाकर एवं आरती उतारकर पूजन-अर्चन किया। पशुओं को पकवान एवं मीठा भी खिलाया गया। जिला पशु चिकित्सा अधिकारी श्री एच. पी. शुक्ला ने इस अवसर पर गोवंश संरक्षण के धार्मिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डाला।अपने उद्बोधन में कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने कहा — गौसेवा केवल परंपरा नहीं, यह हमारे जीवन और जीविका का आधार है। जब हम गायों की सेवा करेंगे तो निश्चित ही हमें दूध के साथ स्वरोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। शासन स्तर से गौशाला के सुचारू संचालन हेतु हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। साथ ही, स्थानीय स्तर पर चारा उत्पादन के लिए खेतों में बीज बोकर स्थायी व्यवस्था बनाई जाएगी।उन्होंने सरपंच, ग्रामवासियों एवं स्व-सहायता समूह से आग्रह किया कि वे भी आगे बढ़कर गौशाला के संचालन में सक्रिय भूमिका निभाएं।कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी गौसंवर्धन एवं संरक्षण के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए और गौसेवा को जनअभियान के रूप में आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी बजाग रामबाबू देवांगन, तहसीलदार श्री भरत बट्टे, पशुपालन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जनसंपर्क अधिकारी श्री चेतराम अहिरवार सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# जनजाति कल्याण केंद्र बरगांव गौशाला में सम्पन्न हुई गोवर्धन पूजा

डिंडौरी।

प्रदेश की सांस्कृतिक, धार्मिक एवं सामाजिक विरासत को सहेजने और गौसंवर्धन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आह्वान पर प्रदेशभर की गौशालाओं में गोवर्धन पूजा कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज जनजाति कल्याण केंद्र बरगांव स्थित गौशाला में भी पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ गोवर्धन पूजा संपन्न हुई।कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, श्री मटाले, श्री सतीश चौबे, डॉ. कुलस्ते सहित अनेक सम्मानित जन एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। पूजा कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण और दीप प्रज्वलन से हुआ। गौशाला में उपस्थित गौमाताओं का विधिवत तिलक, आरती और पुष्पमालाओं से पूजन-अर्चन किया गया। इस अवसर पर गौशाला परिसर में भक्ति और उत्सव का वातावरण व्याप्त रहा। अतिथियों ने गोवर्धन पूजा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व प्रकृति, गोवंश और मानव जीवन के बीच संतुलन एवं कृतज्ञता का प्रतीक है। गौसेवा के माध्यम से



हम न केवल अपनी परंपरा का सम्मान करते हैं, बल्कि पर्यावरण और आजीविका से भी जुड़ाव स्थापित करते हैं।पूजन के पश्चात उपस्थित ग्रामीणजनों एवं गौशाला सदस्यों ने गौसंवर्धन और संरक्षण के संकल्प के साथ गौमाता को पकवान और मीठा अर्पित किया। कार्यक्रम का समापन आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

# ग्राम करौंदी में गौपूजन कार्यक्रम सम्पन्न, शारदा मां गौ सेवा समिति गौशाला में हुआ आयोजन

शहपुरा।

मध्यप्रदेश गौसंवर्धन बोर्ड भोपाल के निर्देशानुसार ग्राम करौंदी स्थित शारदा मां गौ सेवा समिति गौशाला में गौपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में गौमाता का पूजन-अर्चन व आरती की गई तथा सभी गौवंश को पकवान और मीठा खिलाया गया। उपस्थित जनों ने गौसेवा के महत्व पर विचार व्यक्त किए और गौसंवर्धन एवं संरक्षण का संकल्प लिया।प्रतिवर्ष गोवर्धन पूजन के अवसर पर समिति द्वारा इस प्रकार का आयोजन किया जाता है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जितेन्द्र चंदेल (उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत शहपुरा) एवं विशेष अतिथि अनिल



बर्मन (सचिव, अधिवक्ता संघ) उपस्थित रहे।अध्यक्षता शारदा मां गौ सेवा समिति के अध्यक्ष टेकेश्वर साहू ने की।इस अवसर पर मप्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राजकुमार साहू, जनपद सदस्य कीर्ति भीमशंकर साहू, जनशिक्षक अश्वनी साहू, पंच संतोषी बनवासी, माशा प्रधानाध्यापक चुन्नीलाल साहू, पत्रकार भीमशंकर साहू, शिक्षक रत्नराज साहू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रमिला साहू, गौसेवक हरिलाल बनवासी तथा ग्रामीण वीरेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में बच्चे, महिलाएं और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# थाना कोतवाली डिण्डौरी पुलिस की कार्रवाई: अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार, ऑटो वाहन व नकदी जब्त

डिण्डौरी।

पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहिनी सिंह के निर्देशन में जिलेभर में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब के परिवहन को लेकर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब, एक ऑटो वाहन, नकदी और मोबाइल फोन जब्त किया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति ऑटो वाहन (क्रमांक MP52R1936) में अवैध शराब लेकर समनापुर की ओर से डिण्डौरी की तरफ आ रहा है। सूचना के आधार पर अमरपुर रोड पर नाकाबंदी कर पुलिस टीम ने संदिग्ध वाहन को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखकर आरोपी वाहन की चाबी फेंककर भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर उसे मौके पर ही पकड़ लिया।

वाहन की तलाशी लेने पर उसमें बड़ी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब पाई गई। पूछताछ में आरोपी



ने बताया कि वह दीपावली पर्व के दौरान शराब बेचने के उद्देश्य से इसे ला रहा था। साथ ही आरोपी के घर से भी शराब की खेप बरामद की गई है।पुलिस ने मौके से कुल 114.3 लीटर अंग्रेजी शराब (अनुमानित मूल्य 97,005), एक ऑटो वाहन (अनुमानित मूल्य 1,40,000) एक काले रंग का विवो मोबाइल (कीमत 12,000), नगद 12,250 जब्त की।गिरफ्तार आरोपी की पहचान शैलेन्द्र उर्फ शैलू मथेस (पिता शंभूप्रसाद मथेस), उम्र 34 वर्ष, निवासी ग्राम मोहदा, थाना कोतवाली डिण्डौरी के रूप में हुई है। आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली डिण्डौरी में आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध क्रमांक 602/2025 दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।पुलिस अधीक्षक ने इस सफल कार्रवाई के लिए संपूर्ण पुलिस टीम की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

# कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने मां नर्मदा तट पर किया दीप प्रज्वलन





**डिंडौरी।** दीपावली पर्व के शुभ अवसर पर कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया सोमवार की शाम मां नर्मदा के पावन तट पर पहुंचीं। उन्होंने श्रद्धा एवं आस्था के साथ दीप प्रज्वलित कर जिले की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर कलेक्टर भदौरिया ने मां नर्मदा स्वर्ण मंदिर में पूजा-अर्चना कर जिलेवासियों के कल्याण की प्रार्थना की। उन्होंने घाट परिसर में मौजूद श्रद्धालु माताओं, सभी सफाईकर्मी बहनों और भाइयों से आत्मीय भेंट कर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं तथा मिठाई वितरण किया। साथ ही सड़क किनारे बैठे निःसहायों को भी स्नेहपूर्वक मिठाइयां बांटकर उनके चेहरों पर मुस्कान लाई। मां नर्मदा की आराधना के पश्चात कलेक्टर भदौरिया ने नगर परिषद के सफाई कर्मियों को मिठाई वितरण औरमुलाकात की। उन्होंने उन्हें दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए नगर में स्वच्छता व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था और जनसुविधाओं की स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर भदौरिया ने कहा कि दीपावली का पर्व स्वच्छता, उजाला और सकारात्मकता का प्रतीक है। ऐसे में नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने नगर परिषद के कर्मचारियों को उत्साह और समर्पण के साथ कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया तथा बेहतर स्वच्छता और सौंदर्यीकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

# लोकतंत्र सेनानी मूलचंद अग्रवाल ने जन्मदिन पर वृद्ध आश्रम एवं जिला चिकित्सालय में किया फल वितरण

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जन्मदिन मनाने के अपने-अपने तरीके होते हैं। कई लोग होटल में जाकर मानते हैं, तो कई लोग वृद्धाश्रम, जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों के मध्य जाकर मनाते हैं। उसी क्रम में अनूपपुर के वरिष्ठ भाजपा नेता 80 वर्षीय लोकतंत्र सेनानी मूलचंद अग्रवाल ने अपना जन्मदिन वृद्धाश्रम एवं जिला चिकित्सालय अनूपपुर में जाकर मनाया। इस अवसर पर उनके परिवार के सदस्य भी



साथ-साथ थे। उन्होंने अपने हाथों से वृद्धाश्रम में रह रहे सभी बुजुर्गों को अपने हाथों से फल फ्रूट दिया। उनके साथ बैठकर उनके हाल-चाल जाना। इसी प्रकार जिला चिकित्सालय अनूपपुर में जाकर भर्ती मरीजों को अपने हाथों से फल फ्रूट दिया। उनके साथ उपस्थित समस्त लोगों को भी फल फ्रूट दिया। साथ ही जिला चिकित्सालय में उपस्थित सेवारत सभी लोगों को भी फल फ्रूट देकर एवं साथ ही मरीजों का हाल-चाल जाना उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। लोकतंत्र सेनानी मूलचंद अग्रवाल ने कहा कि उन्हें अपने जन्मदिन में वृद्धाश्रम एवं जिला चिकित्सालय में आकर आत्म शांति मिली है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों व जरूरतमंदों के साथ जन्मदिन मनाने से उनका आशीर्वाद तो मिलता ही है, इसके साथ-साथ भगवान भी खुश होते हैं। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों से आशीर्वाद लेकर उनके मन को शांति मिलती है और सच्चे आत्मिक सुख की प्राप्ति होती है और इन स्थानों पर अपनी खुशी बांटने से उनकी खुशी और बढ़ जाती है।उन्होंने सभी लोगों से अपील की है कि आप लोग भी अपना जन्मदिन वृद्धाश्रम एवं जिला चिकित्सालय में पहुंचकर मनाए निश्चित ही आत्म शांति मिलेगी।

# मां मनोकामना को भींगी आंखों से विदाई उत्साह व उमंग के साथ की गई पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

मां मनोकामना की स्थापना 19 अक्टूबर को राम जानकी मंदिर के पास बड़े ही उत्साह एवं उमंग के साथ की गई। प्रतिदिन पूजा, अर्चना के साथ धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। 22 अक्टूबर को भींगी आंखों से मां मनोकामना को विदाई दी गई। मां मनोकामना की झांकी पूरे शहर में भ्रमण कर श्री दुर्गा मंदिर मढ़यिा प्रांगण में स्थित तालाब में विदाई दी गई। मां मनोकामना के भक्त शुभम ठाकुर ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें प्रमुख रूप से 19 अक्टूबर दिन रविवार बाजे गाजे के साथ मां का भव्य आगमन राम जानकी मंदिर अनूपपुर वार्ड क्रमांक 4 समय शाम 4 बजे हुआ।20 अक्टूबर दिन सोमवार मां काली की विशेष पूजा अर्चना एवं हवन रात्रि 12 बजे से प्रातः तक किया गया। 21 अक्टूबर दिन मंगलवार भव्य कन्या पूजन एवं विशाल भंडारा दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया एवं शाम 7 बजे अनूपपुर की भव्य एवं दिव्य प्रसिद्ध महा आरती एवं महाप्रसादी वितरण का कार्यक्रम किया गया। 56 भोग एवं भक्ति एवं ममता मयी भजनों के साथ मां की आराधना एवं देवी जागरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया। 22 अक्टूबर प्रातः सिंदूर रश्म के पश्चात शाम 4.00 बजे मां मनोकामना की झांकी पूरे शहर में भ्रमण की एवं भींगी आंखों से विदाई दी गई।

ज्ञातव्य हो कि इस वर्ष मां मनोकामना का छठवें वर्ष में प्रवेश हुआ था मां मनोकामना के भक्त शुभम ठाकुर ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया है। जिन्होंने प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग दिया। मां मनोकामना की सेवा एवं आराधना की। उन्होंने कहा कि सभी नगर वासियों का हमारी समिति को भरपूर स्नेह प्रेम एवं सहयोग प्राप्त हुआ है। जिसकी वजह से हमारी समिति निरंतर मां काली के भव्य पूजन को साल दर साल और अधिक भव्यता एवं सुंदरता के साथ मनाते आ रही हैं। आने वाले वर्षों में इस पूजन को और भी अधिक भव्य एवं दिव्य बनाने में सफल रहेगी। उन्होंने कहा कि मां मनोकामना की कृपा एवं आशीर्वाद आप सभी पर सदैव बना रहे। माता रानी सभी के कष्टों को हरे एवं सभी का भंडार भरे। मां मनोकामना की विदाई पर शहर की सड़कों को फूल पत्तों से सजाया गया जिस पर से मां मनोकामना की दिव्य एवं आकर्षक झांकी शहर भ्रमण करने के लिए निकली। इस अवसर पर काफी संख्या में नगर के मनोकामना के साथ-साथ चल रहे थे।

**नाम सुधार सूचना**

मै मुकेश अग्रवाल पिता स्वर्गीय श्री फूलचंद अग्रवाल जाति बनी, आयु 53 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 09 नर्मदागंज डिण्डौरी तहसील व जिला डिंडौरी मध्यप्रदेश का सच-सच बयान करता हूं कि मै उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। मुझे माधव प्रसाद एवं मुकेश अग्रवाल दोनों नामो से जाना पहचाना जाता है । इसी कारण मेरा आधार कार्ड माधव प्रसाद के नाम से बना हुआ है जिसका आधार कार्ड नंबर 256518509418 । मेरे पुत्री के आधार कार्ड मे मेरा नाम मुकेश अग्रवाल लिखा हुआ है तथा मेरा प्रचलित नाम भी मुकेश अग्रवाल है और इसी नाम से मुझे सभी लोग जानते पहचानते है अतः मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम परिवर्तन करते हुए मेरा नाम माधव प्रसाद के स्थान पर मुकेश अग्रवाल लिखा एवं पढ़ा जावे। तथा मुझे मुकेश अग्रवाल के नाम से आधार कार्ड नंबर 256518509418 प्रदान करने का कष्ट करें। मेरे द्वारा दी जा रही जानकारी सत्य व सही है असत्य पाये जाने पर संपूर्ण जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी।

## खबर संक्षेप

### दोज मड़ई पर मां चण्डिका का पूजन आज

**हरिभूमि न्यूज- नरसिंहपुर।** अनेक वर्षों से चली आ रही परम्परा का निर्वहन करने हेतु इस वर्ष भी दोज मड़ई के अवसर पर माँ चण्डिका देवी का पूजन आज गुरूवार को स्थानीय इतवारा बाजार स्थल पर होने जा रहा है। इस वर्ष मां का पूजन तथा भण्डारा वितरण आदि का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उक्ताशय की जानकारी मां चण्डिका के सेवादार श्रीलाल चैधरी द्वारा जनहित में जारी की है। सभी नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मां चण्डिका का दर्शन एवं प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

### पुलिस की गिरफ्त में आए 214 जुआड़ी

**हरिभूमि न्यूज- नरसिंहपुर।** जिले में जुआ एवं अन्य अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने हेतु पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में नरसिंहपुर पुलिस द्वारा सतत अभियान चलाया जा रहा है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में प्राप्त गोपनीय सूचनाओं के आधार पर पुलिस अधीक्षक द्वारा गठित टीमों ने घेराबंदी कर दबिश दी। कार्यवाही के दौरान नगद राशि, ताश के पत्ते एवं अन्य जुआ सामग्री बरामद की गई है। विगत तीन दिनो में 54 प्रकरण दर्ज किए गए। जुआ खेलते हुए 214 आरोपी पकड़े गए। लगभग 4 लाख नकद राशि, ताश के पत्ते, तथा अन्य जुआ सामग्री जप्त की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए।

### 14 पेटी देशी अवैध शराब एवं एक कार जप्त

**हरिभूमि न्यूज- नरसिंहपुर।** पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में प्रभावी कार्यवाही करते हुए अवैध शराब की सप्लाई में संलिप्त व्यक्तियों को गिरफ्तार कर, बड़ी मात्रा में अवैध शराब जप्त की जा रही है।थाना करेली अंतर्गत मुखबिर की सूचना प्राप्त हुयी कि करेली-गाडरवारा रोड पर तृप्ति ढाबा के पास एक व्यक्ति बड़ी मात्रा में अवैध शराब रखे हुए है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा दबिश दी गयी जिसके परिणाम स्वरूप भारी मात्रा में शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी विजय कहार निवासी ठेमी, जिला नरसिंहपुर के पास से 14 पेटी देशी शराब कीमती लगभग 70 हजार रूपये एवं एक स्विफ्ट कार जप्त की गई है। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी करेली, निरीक्षक संधीर चैधरी, उपनिरीक्षक विजय धुर्वे, आरक्षक इस्पाल मार्शकोले, दिनेश केवट एवं राजेश नंदा की भूमिका रही है।

### श्री चित्रगुप्त मंदिर में हुआ पूजन अर्चन कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज- नरसिंहपुर।** कायस्थ सभा बरमान द्वारा यम द्वितीया 23 अक्टूबर को अपराह्न 3 बजे से कायस्थों के आराध्य देव श्री चित्रगुप्तजी की पूजन,हवन एवं सभा का आयोजन श्री चित्रगुप्त मंदिर बरमान में किया गया। इसमें सभी कायस्थ बंधुओं एवं श्रद्धालुओं ने सपरिवार शामिल होकर विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन किया। कार्यक्रम में कायस्थ सभा के अध्यक्ष जी के व्यौहार, प्रबंधक आरसीएल श्रीवास्तव, कार्य समिति सदस्य आनंद प्रकाश श्रीवास्तव,एडवोकेट चित्रांश विष्णु श्रीवास्तव एवं इस बार की पूजन के मेजबान सतीश व्यौहार, नीरज एवं मिंटू व्यौहार आदि मौजूद रहे।

### ब्रह्माकुमारीज में धूमधाम के साथ मनाया गया दिवाली महोत्सव



**हरिभूमि न्यूज- नरसिंहपुर।** दिव्य संस्कार भवन ब्रह्माकुमारीज नरसिंहपुर की जिला संचालिका ब्रह्माकुमारी कुसुम दीदी जी के पावन सानिध्य में गाडरवारा सेवा केंद्र ब्रह्माकुमारी उर्मिला दीदी, करेली सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी सरोज दीदी एवं ब्रह्माकुमारी जानकी दीदी, ब्रह्माकुमारी प्रीती दीदी के आतिथ्य में जिले भर से आए हुए बीके भाई बहनों ने धूमधाम के साथ दिवाली महोत्सव पर्व मनाया । इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी कुसुम दीदी ने दीपावली का आध्यात्मिक अर्थ समझाया। बच्चों ने दिवाली के आध्यात्मिक अर्थ भरे गीतों पर शानदार स्वागत नृत्य एवं प्रेरणादाई लघु नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। ब्रह्माकुमारी कुसुम दीदी ने समस्त जिले वासियों को दिवाली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## जमकर हुई आतिशबाजी बाजार में भी देर रात तक बनी रही रौनक

# हर्षोल्लास से मनाया गया दीपावली पर्व







**हरिभूमि न्यूज- नरसिंहपुर।**

जगमगाते दीयों की रोशनी का महापर्व दीपावली पूरे जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया। धन की देवी लक्ष्मी का पूजन-अर्चन परिवार के सदस्यों द्वारा किया गया। इस अवसर पर समृद्धि की देवी से सभी के लिए सुख, शांति और संपन्नता के लिए प्रार्थनाएं की गई। इसके बाद प्रसाद के रूप में मिष्ठान वितरण कर एक-दूसरे को पर्व की बधाईयां दी गई। घर के बच्चों के साथ बड़ों ने भी पटाखे फोड़े और खूब मस्ती की। इस दौरान पूरा शहर रंग बिरंगी रोशनी से नहाया हुआ था। शहर के प्रमुख मार्गों एवं चैराहों के अतिरिक्त छोटी, बड़ी इमारतें आकर्षक रोशनी से जगमगा रही थी।

### जमकर हुई आतिशबाजी

दीपावली के दिन शाम 7 बजे से लक्ष्मी पूजन की विधिवत शुरूआत की गई जो अलग-अलग घरों में सुविधानुसार देर रात तक चली। पूजा के बाद बच्चों एवं युवाओं ने आतिशबाजी करते हुए बम, पटाखे छोड़े, वहीं युवतियों ने फुलझड़ी, चकरी एवं अनारदाने जलाकर अपना उत्साह जताया। यहां पटाखे जलाने को लेकर छोटे बच्चों में कुछ ज्यादा ही उत्साह रहा। बड़ों की देखरेख में उन्होंने जमकर आतिशबाजी की।

### दुल्हन की तरह सजा शहर

अंधकार को समाप्त कर प्रकाश की विजय पताका के प्रतीक दीवाली पर शहर दुल्हन की तरह सजाया गया। जगमगाते दीयों की रोशनी के अलावा आधुनिक इलेक्ट्रानिक लडियों से शहर की दुकानें, मकान एवं प्रतिष्ठान रोशन रहे। दीपोत्सव के पांच दिनी पर्व की शुरूआत से आरंभ हुआ रोशनी से नहाने का सिलसिला दीवाली के दिन सबाब पर था।

### बाजार में हुई जमकर खरीदी

दीपावली पर्व के चलते शहर की स्थाई मिष्ठान प्रतिष्ठानों के अलावा सड़क किनारे मिठाई की छोटी बड़ी अस्थाई दुकानों ने भी आकार ले लिया था। प्रतिष्ठानों के संचालकों द्वारा अच्छी ग्राहकी होने के आसार के चलते भारी मात्रा में मिष्ठान तैयार किये गये थे। संचालकों ने बताया कि इस बार दीपावली पर अच्छी ग्राहकी रही। सुबह से ही बाजार में रौनक नजर आने लगी थी जैसे-जैसे पूजा का मुहूर्त होता गया शाम को जमकर लोगों ने खरीदी की। इस दिन सबसे ज्यादा मिठाईयों की दुकानों और फटाखा बाजार में भीड़ देखने को मिली।

### आज मनाया जायेगा भाईदूज पर्व

सोमवार को उत्साह उमंग के पर्व दीपावली के बाद परंपरागत रूप से लोग आज के दिन गोवर्धन की पूजा-पाठ करेंगे। भाईदोज का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन बहिनों ने अपने भाई को तिलक लगाकर सुख समृद्धि की कामना करती हैं, साथ ही भाईयों द्वारा बहिनों से आशीर्वाद लेकर उन्हें उपहार दिए जाते हैं।





## पुलिस स्मृति दिवस पर कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने शहीद पुलिसकर्मियों को दी श्रद्धांजलि

### शहीद पुलिस कर्मियों के परिजनों का हुआ सम्मान

**हरिभूमि न्यूज- नरसिंहपुर।**

पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिस लाइन नरसिंहपुर में मंगलवार को कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर 191 शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन नरसिंहपुर में परेड एवं श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। यह दिवस उन वीर पुलिसकर्मियों की स्मृति में मनाया जाता है, जिन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए देश की सेवा में अपने प्राणों की आहुति दी। इस अवसर पर 191 शहीदों के नामों का वाचन कर उन्हें श्रद्धा के साथ याद किया। इसके उपरान्त शहीद स्मारक पर पुलिस परेड द्वारा सलामी दी गयी एवं दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को नमन किया गया। शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को भी आमंत्रित किया गया, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मान करते हुए समस्त पुलिस परिवार ने उनके योगदान को नमन किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी, पुलिसकर्मी, शहीदों के परिजन एवं अन्य गणमान्य नागरिकों ने भी शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

## गौवर्धन पूजन हमारी प्राचीन संस्कृति का अहम हिस्सा है

## मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने गौशाला बहोरीपार में गोवर्धन पूजन किया





**हरिभूमि न्यूज- नरसिंहपुर।** प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि गौवर्धन पूजन हमारी प्राचीन संस्कृति का अहम हिस्सा है, जिसके माध्यम से हम गौ माता का संरक्षण और उनकी सुरक्षा के दायित्वों का निर्वहन करते हैं। सभी गौ सेवक व गौ पालक गौवंशों को बाहर खुला न छोड़ें, घर या गौशालाओं में रखें और उनकी सुरक्षा व देखभाल करें। मंत्री श्री पटेल बुधवार को बहोरीपार में आयोजित जिला स्तरीय गोवर्धन पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। गौवर्धन पूजन में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, विधायक महेंद्र नागेश, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, रामसनेही पाठक, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी, गौ सेवक और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। श्री पटेल ने बताया कि गोबर खाद में भूमि को उपजाऊ बनाने वाले पोषक तत्व मौजूद रहते हैं, गोबर खाद का उपयोग करने से बंजर भूमि भी उपजाऊ हो जाती है, इसलिए किसान भाई अपने खेतों में गोबर खाद का उपयोग करें। गोबर खाद के उपयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी और फसलों की पैदावार अधिक होगी। श्री पटेल ने कहा कि मृत गौवंशों का भी पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार करना चाहिए। इस दौरान उनके स्मरण में एक फलदार पौधा भी लगाना चाहिए। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा गौवंशों के उपचार के लिए एम्बुलेंस भी संचालित की जा रही है। जिले की सभी गौशालाओं के लिए सड़क, चारागाह, पानी, बिजली व सुरक्षा का बंदोबस्त करने के निर्देश दिए, जिससे गौशालाओं में आना- जाना व अन्य व्यवस्थाएं दुरूस्त रहे। कार्यक्रम को कलेक्टर ने भी संबोधित किया।

# दीयों की रोशनी में उजाला सिर्फ जेल में नहीं, दिलों में भी हुआ



**हरिभूमि न्यूज- नरसिंहपुर।**

केंद्रीय महिला सुधारग्रह में आज नर्सिंह आनंद क्लब द्वारा आनंद कार्यशाला एव दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जेल में रह रही महिला बंदियों के जीवन में आ नं द , स का रा त्म क ता , आत्मविश्वास ,उत्साह का संचार करना था। कार्यक्रम की शुरुआत जेलर नरेंद्र व्यास एवं सहायक जेल अधीक्षक शिल्पा छत्तर द्वारा दीप प्रज्जवलन और प्रार्थना के साथ की गई। मास्टर ट्रेनर मुक्ति राय द्वारा आनंद विभाग का परिचय एवं आनंद विभाग की गतिविधियों से सभी को परिचित कराया गया । साथ ही जीवन के लेखा जोखा के माध्यम से कृतज्ञता और क्षमा के माध्यम से हम अपने जीवन को कितना सहज सरल बना सकते हैं, इस पर चर्चा की गई।इसके बाद कैदी महिलाओं ने रंगोली, मेहंदी, दीप सजावट की प्रतिभा से सभी को अचंभित कर दिया। इसके पश्चात विभिन्न खेल प्रतियोगिताओ जैसे बैलूनरेस,पहचानो नेता कौन,गीत गायन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसका संचालन मास्टर ट्रेनर यमुना विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने अपनी संबोधन में कहा कि अल्पविराम नई शुरुआत का अवसर है ।उन्होंने महिलाओं को प्रोत्साहित किया कि वह शिक्षा ,आत्मनिर्भरता और आत्मबल के माध्यम से समाज में पुनरूअपनी जगह बनाएं । तत्पश्चात मेहंदी, रंगोली दीप सजावट, खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले समस्त प्रतिभागियों को पुरस्कार , सर्टिफिकेट और उपहार देकर सम्मानित किया गया।



# कलेक्टर ने वृद्धजनों को उपहार देकर दीपावली की शुभकामनाएं दी

**हरिभूमि न्यूज- नरसिंहपुर।**

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जिले के बरमान स्थित वृद्धाश्रम का रविवार को निरीक्षण किया। उन्होंने यहां निवासरत वृद्धजनों से आत्मीयता से संवाद कर उनकी समस्याएं पूछी और निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने आश्रम की व्यवस्थाओं, वृद्धजनों के लिए मनोरंजन और स्वास्थ्य की जानकारी ली। कलेक्टर ने वृद्धजनों का नेत्र परीक्षण कर चश्मा प्रदान करने और भरण-पोषण अधिनियम के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने वृद्धजनों को उपहार और मिठाईयां देकर उन्हें दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने यहां पौधरोपण भी किया। निरीक्षण के दौरान सामाजिक न्याय एवं निशक्तजनकल्याण विभाग के कुलदीप कौरव, आश्रम प्रबंधक श्री दुबे और अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

## बरसात की बाढ़ ने पुल पुलियों कृषि को पहुंचाया नुकसान इमलिया के मछई नाले और छिंदा नाले को किया क्षतिग्रस्त

**तेंदूखेड़ा** इस साल बारिस की बाढ़ ने जहां कृषि और निचली गांव बस्तियों और पुल पुलियों को बढ़ा नुकसान पहुंचाया है। समीपी ग्राम इमलिया कढेली में बिल्थारी तरफ जाने वाले मछई नाले जो लगभग ढाई लाख से भी अधिक की राशि से निर्मित कराया गया था लेकिन अत्यधिक वारिस बाढ़ और पानी के तेज बहाव के चलते सड़क की गिट्टी मिट्टी सहित नाले का कुछ भाग छतिग्रस्त हो गया है। कुछ भाग बहकर खेतों में जाकर जमा हो गया है जिसे किसानों ने खेत सुधारने के लिए जे सी बी से खुदवाकर सड़क किनारे



लगा दिया है।इसी तरह से डोभी तरफ जाने वाले सड़क मार्ग से छिंदा नाले का भी कुछ भाग छतिग्रस्त हो गया है।इस विषय को लेकर स्थानीय कुछ लोगों ने गुणवत्ता को लेकर सवाल उठायें है। लेकिन ग्राम पंचायत के सरपंच का कहना है कि निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता से कराये गये हैं। बाढ़ और तेज बहाव के कारण कारण खेतों की मिट्टी के साथ कुछ हिस्सा ही छतिग्रस्त हुआ है।जिसकी जानकारी सब इंजीनियर को भी दी गई है।

## खेत में युवक का शव मिला, मृतक के पिता ने हत्या की आशंका जताई

**गोटेगांव**

पुलिस थाना के अंतर्गत समीपवर्ती ग्राम बगलई-सिमरिया रोड पर सड़क किनारे एक खेत में एक युवक का शव मिला है। जिसमें मृतक की पहचान जबलपुर जिले के पुलिस थाना चरगुंवा के गांव सर्रा निवासी अमरसिंह ठाकुर 32 वर्ष के रूप में की गई है। यह शव सोमवार को सुबह के समय पड़ा हुआ मिला। जिसकी जानकारी लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मर्चुरी गोटेगांव लाया गया। इसके बाद उसके परिवार की जानकारी पता कर उनको सूचित किया गया।




पुलिस को सड़क हादसे से मौत होने की संभावना नजर आ रही है, इसलिए उनके द्वारा पंचनामा करके शव का पोस्टमार्टम कराने का कार्य किया। वहीं मृतक के पिता ने घटना में हत्या की आशंका जताई है। शासकीय अस्पताल के मर्चुरी स्थल पर मृतक के पिता समई ठाकुर ने कहा कि उसके लड़के की हादसे में मौत नहीं हुई है अपितु उसकी हत्या की गई है। वहां पर जो बाइक मिली है वह मृतक की नहीं है, उसकी गाड़ी अलग है। उनका कहना है कि हमारे लड़के ने शराब पीकर एक परिवार के सदस्य से कुछ कह दिया था, तब उसकी पत्नी ने फोन करके लड़के को समझाने को कहा था, वरना शाम तक नतीजा सामने आने की बात कहीं थी। वहीं गोटेगांव के उमरिया गांव में रहने वाली मृतक की बहन ने बताया था कि उसकी बात उसके भाई से रात के समय हुई थी तो उसने बताया कि वह पटेल के साथ घर जा रहा है। यह पटेल कहां का निवासी था उसकी जानकारी नहीं मिल पा रही है। गोटेगांव पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिवार के सदस्यों को सौंप दिया है।